अध्यक्ष थॉमस एस.
मॉनसन द्वारा

बड़े दिन की आत्मा फिर से पाना

वर्षों पहले युवा एल्डर के रूप में, मुझे दूसरों के साथ सॉल्ट लेक सिटी के अस्पताल में बीमार बच्चों को आशीष देने के लिए बुलाया गया था । अंदर जाने पर, हमने क्रिसमस ट्री की चमकीली और स्नेहशील रोशनी और इसकी फैली हुई शाखाओं के नीचे ध्यान से लिपेटे गए उपहारों को देखा । हम फिर बरामदे से होते हुए गए जहां छोटे लड़के और लड़कियाँ—कुछ के बाहों पर या पैरों पर प्लास्टर चढ़ा था, दूसरे अन्य रोग से पीड़ित जो जल्दी ठीक नहीं हो सकता था—ने मुस्कारते हुए चेहरों से हमारा स्वागत किया ।

एक नन्हे, अत्यंत बीमार छोटे लड़के ने मुझे पूकार कर कहा, ''आपका नाम क्या है ?''

मैंने उसे अपना नाम बताया, और उसने पूछा, ''क्या आप मुझे आशीष दोगे ?''

उसे आशीष दी गई, और जब हम उसके बिस्तर को छोड़कर जाने वाले थे, उसने कहा, ''आपका बहुत बहुत धन्यवाद ।''

हम कुछ कदम आगे गए होंगे, और मैंने उसे फिर से पूकारते हुए सुना, ''ओ, भाई मॉनसन, आपको बड़ा दिन मुबारक हो ।'' फिर उसके संपूर्ण चहरे पर महान मुस्कारहट दमक उठी ।

उस लड़के के पास बड़े दिन की आत्मा थी । बड़े दिन की आत्मा वह चीज होती है जो मैं आशा करता हूं हम सभी के हृदयों और जीवनों में रहे—न केवल इस बड़े दिन के समय लेकिन पूरे साल भर भी ।

जब हमारे पास बड़े दिन की आत्मा होती है, हम उसे याद करते हैं जिसका जन्म-दिन हम साल के इस अवसर पर मनाते हैं: ''कि आज दाऊद के नगर में तुम्हारे लिए एक उद्धारकर्ता जन्मा है, और यही मसीह प्रभु है'' (लूका 2:11) ।

हमारे समय में बड़े दिन को मनाने में उपहार देने की आत्मा की बहुत बड़ी भूमिका होती है । मुझे आश्चर्य होगा यदि हम अपने आपसे पूछते हैं, प्रभु मुझ से साल के इस अनमोल अवसर पर उसे या अन्यों को क्या उपहार दिलवाना चाहता है ?

क्या मैं सुझाव दे सकता हूं कि हमारा स्वर्गीय पिता चाहता है हम में से प्रत्येक उसे और उसके बेटे को आज्ञाकारिता का उपहार दे । मैं यह भी महसूस करता हूं कि वह हमसे अपने आपको देने के लिए कहेगा और न की स्वार्थी या लालची या झगड़ालू न होने के लिए, जैसे कि उसके अनमोल बेटे ने मॉरमन की पुस्तक में सुझाव दिया है:

''मैं तुम से सच सच कहता हूं, जिसके पास विवाद की आत्मा है वह मेरा नहीं है, परन्तु शैतान का है जो सारे विवादों का पिता है, और वह लोगों के हृदयों को क्रोध में, एक दूसरे से विवाद करने के लिए भड़काता है ।

''देखो, एक दूसरे के विरूद्ध, क्रोध में लोगों के हृदयों को भड़काना मेरा सिद्धांत नहीं है; परन्तु मेरा सिद्धांत इस प्रकार की बातों को दूर करना है'' (3 नफी 11:29–30) ।

समय की परिपूर्णता के इस शानदार प्रबंध में, प्रेम करने और अपने आपको सर्मपित करने के मौके अनगिनत हैं, लेकिन वे अधिक समय तक कायम नहीं रहते । आज खुशी देने वाले हृदय हैं, कहने के लिए दया के शब्द हैं, करने के लिए काम हैं, और बचाने के लिए आत्माएं हैं ।

एक व्यक्ति जिसके पास बड़े दिन की आत्मा की अच्छी समझ थी, लिखा था:

मैं बड़े दिन की आत्मा हूं—
मुरझाए हुए चेहरों पर बच्चों की बड़ी बड़ी आंखें खुशी से खुलवाने के लिए, मैंने अभाव के घर में प्रवेश किया ।

मैंने कंजूस के हाथ को खोला और इस रंग से उसकी आत्मा आनंदित होती है ।

मेरे कारण वृद्ध की युवावस्था का नवीकरण हुआ और उन्हें फिर से पहले की तरह हंसाती हूं ।

बचपन के रोमांच को हृदय में मैं जीवित करती, और तेज नींद को जादुई सपनों से चमकाती हूं ।

मैं उत्साहित कदमों को उपहारों की टोकरियों के साथ अंधकार में आगे बढ़ाती हूं, जो संसार की अच्छाइयों से दंग हृदयों को पीछे छोड़ जाते हैं ।

मैं उस फिजूलखर्ची करने वाले पर एक क्षण में निरंकुश, अनावश्यक तरीके को करने से रोकने पर मजबूर करती हूं और उत्साहित प्रेम की छोटी निशानियां खुशी के आंसुओं को बहाने देती हूं—आंसू जो दुख की कठोर रेखाओं को मिटा देते हैं ।

मैंने अंधेरे कारागारों में, क्षतिग्रस्त पुरूषार्थ को याद दिलाते हुए कि जो हो चुका है और आने वाले दिन जो अच्छे हो सकते हैं की ओर इशारा करते हुए प्रवेश किया है ।

मैं कोमलता से स्थिर, दर्द के सफेद, और वे कमजोर होंठ जो बोल नहीं पाते, शांति में कांपते हुए शानदार कृतज्ञता को व्यक्त करते हैं के घर आती हूं ।

हजारों तरह से, मैंने थके हुए संसार को ऊपर परमेश्वर के चेहरे में देखने को प्रेरित करती हूं, और कुछ क्षणों के लिए उन बातों को भूल जाती हूं जो छोटी और घृणित हैं ।

मैं बड़े दिन की आत्मा हूं ।[1]

काश हम सभी नई बड़े दिन की आत्मा प्राप्त करें—मसीह की आत्मा भी ।

विवरण

1. E. C. Baird, "Christmas Spirit," in James S. Hewitt, ed., *Illustrations Unlimited* (1988), 81 ।

इस संदेश से शिक्षा

जब आप अध्यक्ष मॉनसन के संदेश को परिवार के साथ बांटते हैं, उस प्रश्न पर विचार करने पर जोर डालें जिस में वह पूछते हैं कि इस अवसर पर प्रभु हमसे उसके लिए या दूसरों के लिए क्या उपहार चाहता है । परिवार को ''बड़े दिन की आत्मा और यीशु मसीह की आत्मा को कैसे पांए,'' के बारे में, उनके विचारों और सुझावों को लिखने के लिए उत्साहित करें (या, युवा बच्चों के लिए, चित्र बनाने के लिए कहें) ।''

युवा

परिपूर्ण बड़े दिन की पूर्व-संध्या

जेरी एस. जैकब द्वारा

जब मैं बड़ा हो रहा था, प्रत्येक साल की विशिष्ट बातों में से एक होती थी बड़े दिन की पूर्व-संध्या । मेरा परिवार और मैं पीजा बनाते, बड़े-दिन गीत गाने जाते, और फिर बड़े-दिन की प्रार्थना के लिए एकत्रित होते । हम स्तुति गीत को चार-भाग के सुर में कांपते हुए और बड़े-दिन के गीत को अपने असंगत संगीत के बाजों के साथ तेज आवाज में गाते थे । पिता हमेशा उस संध्या को बड़े दिन के विचार के साथ समाप्त करते थे जिससे हमारे खुशी के आंसू आ जाते थे । जीवन बड़े दिन की पूर्व-संध्या से अच्छा न था ।

जब मैं थोड़ा और बड़ा हुआ, मेरी मां ने युवा पड़ोसी, कैली की देखभाल करना आरंभ दिया था । कैली प्रतिदिन स्कूल के बाद हमारे घर आती थी, जबकि उसकी मां, पैटी काम पर होती थी । कैली मेरे पीछे छोटे पिल्ले की तरह—चिल्लाती और जरूरतमंद की तरह घूमती थी । उस समय हमेशा चैन मिलता था जब पैटी अपनी बेटी को ले जाती और मेरे घर और परिवार में शांति लौट आती थी ।

एक दिसंबर, मैं बहुत भयभीत हो गया जब मां ने पैटी और कैली को हमारे साथ बड़े दिन की पूर्व-संध्या पर आने का निमंत्रण दे दिया था । *मेरी* बड़े दिन की पूर्व-संध्या । मां मुस्कुराई और मुझे दिलासा दिया, ''इससे कोई अंतर नहीं पड़ेगा ।'' लेकिन मैं अच्छी तरह जानता था । वे हमारा सारा पीजा खा जाएंगे । कैली हमारे गाने का मजाक उड़ाएगी । मैंने अपने मन में सोच लिया था यह सबसे खराब बड़े दिन की पूर्व-संध्या होगी ।

जब संध्या हुई, पैटी और कैली हमारे घर आए, और हमने बातें की और प्रसन्न हुए और गाने गाए । मेरी मां सही थी । यह बिलकुल परिपूर्ण थी । आधी रात को उन्होंने हमें धन्यवाद कहा और अनिच्छा से चले गए । मैं भरे हुए हृदय के साथ सोने गया था । मैं पाया कि बड़े दिन के अनमोल उपहार बांटने से कम नहीं होते हैं । इसके बदले वे अधिक मधुर और बढ जाते हैं जब उन्हें हम दूसरों को देते हैं ।

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/11 । अनुवाद अनुमतिः 6/11 । *First Presidency Message, December 2012* का अनुवाद । Hindi । 10372 294

भेंट करने वाली शिक्षा, उद्धार का कार्य

प्रार्थनापूर्वक इस सामाग्री को पढ़ें और, जैसा उचित हो, उन बहनों के साथ इसकी चर्चा करें जिन से आप भेंट करती हैं । अपनी बहनों को मजबूत करने और सहायता संस्था को अपने जीवन का सक्रिय हिस्सा बनाने में मदद के लिए प्रश्नों का प्रयोग करें ।

विश्वास, परिवार, सहायता

भेंट करने की शिक्षा स्त्रियों को देखभाल करने, मजबूती देने, और एक दूसरे को सीखाने का अवसर देती है—यह वास्तव में उद्धार का काम है । भेंट करने वाली शिक्षा के द्वारा, बहनें उद्धारकर्ता के स्थान सेवा करती हैं और स्त्रियों को अनंत जीवन की आशीषों के लिए तैयार होने में मदद करती हैं ।

''हम 'चेतावनी देने, समझाने, उपदेश देने, और सीखाने, और [दूसरों को] मसीह के निकट आने का निमंत्रण देने के लिए हैं' (सि और अनु 20:59), जैसा प्रभु ने अपने प्रकटीकरणों में कहा था,'' अध्यक्ष स्पेनसर डब्ल्यू. किंबल (1895–1985) ने कहा था । आगे, उन्होंने कहा, ''आपकी एक गवाही जर्बदस्त माध्यम है ।''[1]

जब हम भेंट करने वाली शिक्षिकाओं के रूप में अपने सुसमाचार के सच्चाइयों में वृद्धि करती हैं, हमारी गवाहियां मजबूत होती हैं और उन बहनों को सहारा देती है जो बपतिस्मे और पुष्टिकरण की तैयारी कर रही होती हैं । हम नए सदस्य को सुसमाचार में लंगर बनने में मदद करती हैं । हमारी भेंटे और प्रेम ''उनको वापस लाने में मदद करता है जो भटक गए हैं [और] उनके हृदय को गर्मजोशी देता है जो सुसमाचार में ठंडे पड़ गए हैं ।''[2] और हम बहनों को मंदिर की उपस्थिति में आकर मसीह के निकट आने को उत्साहित करती हैं ।

''आप आत्माओं को बचाने जा रही हैं,'' अध्यक्ष किंबल ने भेंट करने वाली शिक्षिकाओं से कहा था, ''और कौन स्वीकार करेगा कि गिरजे में बहुत सारे अच्छे लोग सक्रिय इसलिए हैं कि आप उनके घरों में गई थीं और उन्हें नया दृष्टिकोण, नया दर्शन दिया था । आपने उनकी आंखों से परदा हटाया था । आपने उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुचाया । ...

''आप ने देखा, आप न केवल इन बहनों को बचा रहीं हैं, लेकिन उनके पतियों और उनके घरों को भी बचा रही हैं ।''[3]

धर्मशास्त्रों से

सिद्धांत और अनुबंध 20:59; 84:106; 138:56

हमारे इतिहास से

जब भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ ने सहायता संस्था का संगठन किया था, उन्होंने कहा था कि स्त्रिया न केवल गरीब की देखभाल करेंगी बल्कि आत्माओं को भी बचाएंगी । उन्होंने सीखाया था कि गिरजे में औरते स्वर्गीय पिता की उद्धार की योजना में जरूरी भूमिका निभाती हैं ।[4] भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ के सिद्धांतों द्वारा सीखी गई, हम सहायता संस्था की बहनों के रूप में स्त्रियों को और उनके परिवारों को परमेश्वर की महानत्तम आशीषें पाने के लिए तैयार करने के लिए मिलकर काम करती हैं ।

''आओ हम एक दूसरे पर करूणा रखें,'' अध्यक्ष बिग्रम यंग (1801–77) ने कहा था, ''और जो मजबूत हैं कोमलता से कमजोर को ताकत दें, और उन्हें [जो] अंधकार में हैं उनका मार्गदर्शन तबतक करने दो जबतक वे स्वयं के लिए मार्ग नहीं देखने लगते ।''[5]

विवरण

1. Spencer W. Kimball, in *Daughters in My Kingdom: The History and Work of Relief Society* (2011), 116 ।
2. Eliza R. Snow, in *Daughters in My Kingdom,* 83 ।
3. Spencer W. Kimball, in *Daughters in My Kingdom,* 117 ।
4. Joseph Smith, in *Daughters in My Kingdom,* 171–72 में देखें ।
5. अधिक सूचना के लिए, www.reliefsociety.lds.org पर जाएं ।

मैं क्या कर सकती हूं ?

1. सहायता संस्था किस प्रकार मुझे अनंत आशीषों के लिए तैयार करती है ?

2. जिनकी मैं देखभाल करती हूं उनका विश्वास बढ़ाने के लिए मैं क्या कर सकती हूं ?

अधिक सूचना के लिए, reliefsociety.lds.org पर जाएं ।

© 2012 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/11 । अनुवाद अनुमतिः 6/11 । *Visiting Teaching Message, December 2012* का अनुवाद । Hindi । 10372 294